माननीय सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) और महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली डॉ. हिमांशु पाठक का राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर दौरा

दिनांक: 28.08.2023

माननीय सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) और महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली डॉ. हिमांशु पाठक ने राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में दिनांक 28.08.2023 को दौरा किया। डॉ. बी. एल. मीना क्षेत्रीय केंद्र प्रमुख, उदयपुर ने डॉ. हिमांशु पाठक, माननीय सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) और महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली के उदयपुर में आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। डॉ. आर. पी. शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक ने क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर पर चल रही अनुसंधान गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया और क्षेत्रीय केंद्र के भविष्य के अनुसंधान कार्यों से अवगत कराया। डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) और महानिदेशक ने वर्तमान राष्ट्रीय प्राथमिकताएँ, डिजिटल मृदा संसाधन मानचित्रण और प्राथमिकता आधारित अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं भविष्य के अनुसंधान और नीति नियोजन क्षेत्रों के बारे में वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की। रहें। दौरे के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु पाठक ने वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय केंद्र पर चल रही अनुसंधान गतिविधियों पर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारत एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फसल नीतियों का भूमि उपयोग नियोजन में समावेश करने का भी सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. आर. पी. शर्मा, डॉ. आर एल. मीणा, डॉ. महावीर नोगिया, डॉ. लालचंद मालव, डॉ. बृजेश यादव वैज्ञानिक एवं सभी स्टाफगण भी उपस्थित थे। साथ ही इस अवसर पर विधिवत आभार व समापन डॉ. आर. पी. शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

AMTREX
AMTREX
LAND RESOURCE INVENTORY OF
BIKANER DIVISION
FOR SUSTAINABLE LAND USE PLANNING

National Bureau Of Soil Survey

National Bureau Of Soil Survey
& Land Use Planning
Regional Centre Udaipur